सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
पौष 07, गुरूवार, *शाके* 1945-दिसम्बर 28, 2023 *Pausa 07 Thursday , Saka 1945- December 28 , 2023*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, दिसम्बर 21, 2023

संख्या जविप्रा/जोन-9/2023/डी-4681 :-मास्टर विकास योजना-2025 एवं जोनल विकास योजना-2 में स्थित ग्राम श्रीकिशनपुरा तहसील सांगानेर के आराजी खसरा नम्बर 167, 168 क्षेत्रफल 4129.97 वर्ग गज (3454.33 वर्ग मीटर) भूमि की संस्थानिक प्रयोजनार्थ लीजडीड दिनांक 30.08.2008 को जारी की गयी थी। उक्त प्रकरण में संस्थानिक से आवासीय भू उपयोग उपान्तरण हेतु आम सूचना दिनांक 09.06.2023 को 02 समाचार पत्र (समाचार जगत एवं जलते दीप) में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे, 15 दिवस की निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है। प्रकरण में नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 15.06.2023 के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उपान्तरण

जयपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्र ग्राम श्रीकिशनपुरा तहसील सांगानेर के आराजी खसरा नम्बर 167, 168 पर स्थित आवासीय (एकल भूखण्ड) क्षेत्रफल 4129.97 वर्ग गज (3454.33 वर्ग मीटर) का मास्टर विकास योजना-2025 एवं जोनल विकास योजना-02 के अनुसार संस्थानिक से आवासीय भू उपयोग उपान्तरण किया जाता है।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक 21.12.2023 को जारी की गई। उक्त अधिसूचना राजस्थान राजपत्र के असाधारण अंक एवं राज्य के 2 प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के पश्चात ही मान्य होगी।

नलिनी कठोतिया,
सचिव,
जविप्रा, जयपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।